# चुनावी तैयारियां शुरू

## राजस्थान : अपनी जमीनी पकड़ मजबूत करने में जुटीं छोटी पार्टियां



■ **जयपुर, एजेंसियां.** प्रदेश में डेढ़ साल बाद विधानसभा चुनाव है. 2023 में होने वाले इन चुनावों को लेकर राज्य के प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा-कांग्रेस के अलावा अन्य दलों ने भी तैयारी तेज कर दी है. इनमें बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) और भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) मुख्य हैं. बसपा ने अपनी सभी जिला और विधानसभा कमेटियों को भंग कर दिया है. आगामी 7 दिन में नई कमेटी गठित की जाएगी. आप की ओर से संभाग यात्रा शुरू की जा चुकी हैं. बीटीपी अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन कर रही है, वहीं आरएलपी और मजबूती देने के लिए बूथ स्तर तक लोगों को जोड़ने के लिए रणनीति बनाने में जुटी है. माकपा भी तैयारियों में जुटी हैं. इन 5 दलों में से अभी विधानसभा में आप का कोई विधायक नहीं है. शेष तीन के 13 विधायक हैं. हालांकि बसपा के सभी 6 विधायक कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं.

**बसपा मिशन 2023 के मोड में :** बसपा राजस्थान के 'मिशन 2023' मोड में आ गई है. हाल ही दिल्ली में बसपा मुख्यालय पर प्रदेश के नेताओं की बुलाई गई बैठक के बाद सभी जिला और विधानसभाओं की टीमों को भंग कर दिया गया है. प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा का कहना है कि आगामी 7 दिवस में नई टीमों का गठन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि दिल्ली में हुई बैठक में पार्टी ने राज्य की भाजपा-कांग्रेस पार्टी के मुकाबले के लिए रणनीति पर भी मंथन किया है. बैठक पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार, राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद और राजस्थान के मुख्य प्रभारी सांसद रामजी गौतम की मौजूदगी में हुई.

### आप को है बड़ी उम्मीद

आप को राजस्थान से भी अब बहुत उम्मीद है. यही वजह है कि पार्टी ने संभागों में संवाद कार्यक्रम 24 से शुरू कर दिया है. पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा के नेतृत्व में शुरु हुई यात्रा 2 मई को हनुमानगढ़ में कार्यक्रम के बाद पूरी होगी. इस दौरान सभी नए व पुराने कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी. इसमें सदस्यता अभियान व अन्य मुद्दों पर आगामी रणनीति तैयार होगी.

### विस चुनाव को लेकर आरएलपी बना रही रणनीति

■ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आरएलपी ने भी चुनाव तैयारियां तेज कर दी हैं. पार्टी आने वाले दिनों में संगठन विस्तार बूथ स्तर तक करने की रणनीति बना रही है. इसके साथ ही संगठन से नए युवा चेहरों को जोड़ा जाएगा. पार्टी का मानना है कि भाजपा-कांग्रेस का शासन देख चुकी जनता अब आरएलपी का प्रदेशभर में साथ देगी. पार्टी के गठन के समय 5 बड़ी हुंकार रैलियां की गई थी. चुनाव से पहले अपने जनाधार को बढ़ाने को लेकर और हुंकार रैली करने को लेकर तैयारी है.

### बीटीपी तीन जिलों में ज्यादा सक्रिय

■ आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बीटीपी ने आदिवासी बहुल जिले उदयपुर, बांसवाड़ा और डूंगरपुर में संगठन को मजबूती देने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. पार्टी अपनी समान विचारधारा वाले कुछ दलों के साथ इस बार विधानसभा चुनाव में उतरने की तैयारी में है. 3 जिलों में लगभग सभी सीटों पर पार्टी चुनाव मैदान में उतरेगी. इसके लिए जमीनी स्तर पर काम शुरू हो चुका है. पार्टी अभी भाजपा-कांग्रेस की विचारधारा के खिलाफ जो दल हैं, उन्हें साथ लेने पर काम कर रही है.

# जाखड़ और थॉमस पर हो सकती है कार्रवाई

## कांग्रेस की अनुशासनात्मक कमेटी की बैठक आज





■ **दिल्ली, एजेंसियां.** कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्रीय अनुशासनात्मक कमेटी की बैठक बुलाई है. बैठक में पंजाब के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और केरल कांग्रेस के नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री के.वी. थॉमस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा सकती है. केंद्रीय अनुशासनात्मक कमेटी की बैठक सुबह करीब 11:30 बजे कांग्रेस वॉररूम में आयोजित की जाएगी. दो सप्ताह पूर्व कांग्रेस पार्टी ने अनुशासनात्मक कमेटी की बैठक बुलाकर सुनील जाखड़ और के.वी. थॉमस को कारण बताओ नोटिस दिया था. दोनों ही नेताओं को एक हफ्ते के भीतर अपनी बात पार्टी के कमेटी के सामने रखने को कहा गया था.

**जाखड़ ने नहीं दिया जवाब**

थॉमस ने तो पार्टी के अनुशासनात्मक कमेटी को अपना जवाब भेजा दिया, लेकिन जाखड़ ने कोई जवाब नहीं दिया. अब दोनों नेताओं के मसले पर अनुशासनात्मक कमेटी की बैठक मंगलवार को होगी. प्रभारी हरीश चौधरी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर सुनील जाखड़ पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की थी.

### वासनिक को सौंपी अहम जिम्मेदारी

उधर, कांग्रेस के संगठन में किस तरह का सुधार हो. इसके लिए क्या कदम उठाए जाएं. इससे संबंधित योजना को कैसे क्रियान्वित किया जाए. कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस महत्वपूर्ण मुदद्दे पर गठित कमेटी की अध्यक्षता मुकुल वासनिक को सौंपी है. रोचक यह है कि उनका नाम उस जी–23 समूह के सदस्य के रूप में भी शामिल रहा है.

# दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक मॉडल से सीखेंगे : मान



**दिल्ली, एजेंसियां.** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार कहा कि उनका राज्य दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक मॉडल से सीखेगा, जिसके लिये राष्ट्रीय राजधानी की पूरी दुनिया में प्रशंसा हुई है. मान आम आदमी पार्टी (आप) के शासन मॉडल की सर्वोत्तम कार्य प्रणाली के बारे में जानने के लिए शहर के दो दिवसीय दौरे पर हैं. उन्होंने दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल के साथ एक मोहल्ला क्लीनिक, एक सरकारी अस्पताल और एक स्कूल का दौरा किया. मोहल्ला क्लीनिक में, मान ने मरीजों से बातचीत की. मरीजों ने पंजाब के मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें डॉक्टर से मिलने और दवा लेने में सिर्फ 10 मिनट लगते हैं. मान ने कहा, दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की पूरी दुनिया ने तारीफ की है. हम भी पंजाब की बेहतरी के लिए इस मॉडल से सीखेंगे. मान, पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली दौरे पर हैं. केजरीवाल ने कहा कि भगवंत मान ने दिल्ली के अस्पतालों और विश्व प्रसिद्ध मोहल्ला क्लीनिक का दौरा किया. वह बहुत प्रभावित हुए. उन्होंने पंजाब में भी इसी तरह के अस्पताल और क्लीनिक बनाने की अपनी इच्छा जताई. हम पंजाब सरकार की वहां के लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए हर मुमकिन मदद मुहैया कराएंगे. पिछले महीने सिंगला ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार पूरे पंजाब में 16,000 मोहल्ला क्लीनिक खोलेगी.

### 'मैंने अमेरिका-कनाडा में ही ऐसे स्कूल देखे हैं'

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को 2 दिवसीय दिल्ली दौरे पर पहुंचे. मान ने दिल्ली पहुंचकर सीएम अरविंद केजरीवाल के निवास पर जाकर मुलाकात की. इसके बाद दिल्ली के स्कूल का दौरा किया. दिल्ली पहुंच कर मान ने कहा कि यह अगले स्तर की शिक्षा है. कुछ ऐसा जिसके बारे में बड़े स्कूल सोच भी नहीं सकते, उसे सरकारी स्कूलों ने लागू कर दिया है. यहां डिजिटल शिक्षा हो रही है, बड़ी कंपनियों का सहयोग है. मैंने अमेरिका-कनाडा में ऐसे स्कूल देखे हैं लेकिन भारत में नहीं. वहीं दूसरी ओर भगवंत मान के दिल्ली दौरे को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज कसा है. उन्होंने भगवंत मान को सलाह देते हुए कहा कि केजरीवाल के जाल में मत फंसना.

# आजम से मिले आचार्य कृष्णम



**लखनऊ, एजेंसियां.** प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव व सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा के बाद सोमवार को कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम जिला कारागार में बंद आजम खां से मुलाकात करने पहुंचे. मुलाकात के बाद कारागार से बाहर निकले प्रमोद कृष्णम ने बताया कि वह आजम से मिलकर कोई रणनीति बनाने नहीं आए थे बल्कि उनका हालचाल जानने आए थे. उन्होंने कहा कि आजम खां पर बहुत ज्यादती हुई है. प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एक साधु हैं. साधु होने के नाते उनका हृदय विराट होना चाहिए. उनका भाव समदर्शी होना चाहिए. उनके राज में निर्दोष पर जुर्म होना अपने आप में अन्याय है. आचार्य कृष्णम ने कहा कि आजम खां ने काफी देर उनसे मुलाकात कर बातचीत की. इस दौरान आजम ने उनको खजूर भी खिलाया. प्रमोद कृष्णम ने आजम खां को गीता भी भेंट की. कृष्णम ने कहा कि गीता धर्म और सत्य का ग्रंथ है. असत्य पर सत्य की विजय का ग्रंथ है.


**कार्यकारी अभियंता,**
**प्रधानमंत्री ग्रामसडक योजना,**
**महाराष्ट्र ग्रामीण सडक विकास संस्था जालना**
**संक्षिप्त निविदा सुचना क्रं ०१/०२/२०२२-२३**

औरंगाबाद मंडल द्वारा जालना जिला में मुख्यमंत्री ग्रामसडक योजना तहत ०७ सडक के कार्यों की निविदा सुचना दिनांक १३.०४.२०२२ रोजी तथा ०६ पुलों की कार्यों की निविदा सुचना दिनांक २१.०४.२०२२ को https://mahatednders.gov.in इस वेबसाईट प्रसारीत की गई है.

हस्ताक्षरीत/
(सविता. ना. शालगर)
कार्यकारी अभियंता (प्रमंग्रासयो)
महाराष्ट्र ग्रामीण सडक विकास संस्था जालना



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**- सार्वजनिक सूचना -**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (3) (क) अंतर्गत प्रावधानों के अनुपालन में **परिमंडल - 7** में 'आर/उत्तर' वार्ड से 01 प्रस्ताव, 'आर/मध्य' वार्ड से 03 प्रस्ताव अर्थात कुल 04 प्रस्ताव, म. न. पा. आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण/वृक्ष प्राधिकरण समिति की मंजूरी हेतु प्राप्त हुये हैं.

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत वृक्षों की कटाई/पुनर्रोपण करने बाबत विस्तृत जानकारी म.न.पा. की www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर, बृहन्मुंबई महानगरपालिका के विषय में > विभाग/खाते > खाते निहाय जानकारी पुस्तिका > उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण > advt 7 days - below 25 - W.S. Z - VII - 06 इस लिंक पर उपलब्ध है.

कोविड-19 महामारी के प्रादुर्भाव के कारण नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे व्यक्तिगत सुनवाई के लिये उद्यान अधीक्षक के कार्यालय में दिनांक 04.05.2022 को प्रत्यक्ष उपस्थित होने की बजाये, उपरोक्त प्रस्तावों के विषय में अपनी आपत्तियां/सुझाव उद्यान अधीक्षक के ईमेल आईडी sg.gardens@mcgm.gov.in पर दिनांक 04.05.2022 को अथवा उससे पूर्व प्रेषित करें. कृपया ध्यान दें कि उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा.

उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी, वृक्ष प्राधिकरण,
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल,
वीरमाता जिजाबाई भोसले उद्यान,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मार्ग,
भायखला (पूर्व), मुंबई 400 027
टेली. नं. - 23742162
ई-मेल : sg.gardens@mcgm.gov.in

**हस्ता./-**
**उद्यान अधीक्षक**
**एवं वृक्ष अधिकारी**

पीआरओ/130/विज्ञा./2022-23

पेड़ लगायें, पेड़ जिलायें



**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
**कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021**
**सूचना**

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण–पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो गए हैं. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण–पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण–पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055, (ई–मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण–पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

**भारतीय स्टेट बैंक**

| क्र. सं. | फोलियो सं. | धारक(कों) का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या | | विशिष्ट संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | से | तक |
| 1 | 07507204 | मनीष जैन | 140 | 6307266 | 6307266 | 8059450673 | 8059450812 |
| 2 | 00874467 | श्रीकांतम माधवराव<br>दोरनामराजू नागलक्ष्मी<br>श्रीकांतम अम्मन्नम्मा | 620 | 90403 | 90404 | 7395321341 | 7395321960 |
| 3 | 02272336 | पाटील रवींद्र काशीनाथ | 500 | 187040 | 187040 | 7440668981 | 7440669480 |
| 4 | 01875718 | हरेंद्र नारायण वर्मा | 500 | 160158 | 160158 | 7426833591 | 7426834090 |
| 5 | 07528724 | मुकेश कुमार मुंद्रा | 140 | 6328732 | 6328732 | 8065237849 | 8065237988 |
| 6 | 07523549 | अशोक कुमार गुप्ता | 140 | 6323570 | 6323570 | 8063177835 | 8063177974 |
| 7 | 02383070 | बलवीर सिंह | 600 | 192533 | 192533 | 7443466191 | 7443466790 |
| 8 | 00817449 | सारंगधारा दास | 530 | 69524 | 69525 | 7390106291 | 7390106820 |
| 9 | 00808793 | श्रीनाथ मुर्मू<br>फुलमनी मुर्मू | 530 | 65939 | 65940 | 7389217961 | 7389218490 |
| 10 | 07123167 | शाजी थॉमस<br>दीपा एस थॉमस | 310 | 236985 | 236986 | 7463931131 | 7463931440 |
| 11 | 03239047 | विजय बहादुर | 530 | 217357 | 217358 | 7456098341 | 7456098870 |
| 12 | 00739790 | मेलरकोडे नारायणस्वामी<br>नरसिम्हन<br>शीला नारायण स्वामी<br>मास्टर विनय नारायणस्वामी<br>माइनोर | 500 | 40362 | 40362 | 7383067151 | 7383067650 |
| 13 | 07413237 | कैप्पल्ली रबर्स पी लिमिटेड | 330 | 6213721 | 6213721 | 8013497973 | 8013498302 |
| 14 | 07523397 | पेरिन खुसरू दिनशाव<br>केरसप खुसरू दिनशाव<br>खुसरू रुस्तमजी दिनशाव | 280 | 6323419 | 6323419 | 8063141319 | 8063141598 |
| 15 | 07529434 | केरसप खुसरू दिनशाव<br>खुसरू रुस्तमजी दिनशाव | 112 | 6329442 | 6329442 | 8065425440 | 8065425551 |
| 16 | 03091754 | अपू राय | 600 | 211910 | 211910 | 7453649071 | 7453649670 |
| 17 | 01703289 | वासंजी राउजी सैया<br>पन्ना वासंजी सैया | 500 | 152257 | 152257 | 7422833221 | 7422833720 |

**उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/– के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 26.04.2022

शेयरों की संख्या: 6862
प्रमाण पत्रों की संख्या: 22

महाप्रबंधक
(शेयर एवं बांड)



**कोल्हापूर महानगरपालिका**
**(सार्वजनिक बांधकाम विभाग)**

**जाहिर निविदा नोटिस क्र. ४**

सर्व कॉन्ट्रैक्टर यांना कळविणेत येते की, रस्ता पेव्हरने डांबरी करणे, आर.सी.सी. चॅनेल बांधणे, रस्ता डांबरी करणे, सांस्कृतिक सभागृह बांधणे, तिसरी मार्गिका (थर्ड लेन) ची सुविधा पुरविणे इ. कामांसाठी निविदा मागविण्यात येत आहेत. या कामाची सविस्तर यादी वेबसाईटवर पाहण्यास मिळेल.

- निविदा फॉर्म प्राप्त करणेचा व बयाणा रक्कम भरणेचा तसेच निविदा फॉर्म सादर करणेचा कालावधी दिनांक २८/०४/२०२२ पासून सकाळी ९.३० पासून दिनांक ०४/०५/२०२२ रोजी अखेर दुपारी ३.३० वाजेपर्यंत.
- निविदा उघडणेचा दिनांक ०९/०५/२०२२ रोजी दुपारी ४.०० वाजता
- निविदा फॉर्म https://mahatenders.gov.in या वेबसाईटव्दारे प्राप्त करावा व भरावा लागेल.

सविस्तर टेंडर नोटीस, अटी, शर्ती वगैरे माहिती ऑफिस वेळेत सकाळी ११ ते ५ कार्यालयात तसेच वरील वेबसाईटवर पाहण्यास मिळेल. क. ता. २५/०४/२०२२.

**सही/-**
**शहर अभियंता**
**कोल्हापूर महानगरपालिका**



**PANVEL MUNICIPAL CORPORATION**

**TENDER NOTICE**
**No :- PMC/CE/PMAY/14/2022-23**
**CITY ENGINEER'S OFFICE (PMAY DEPARTMENT)**

**INVITATION OF TENDER FOR THE WORKS OF "CONSTRUCTION OF HOUSING COMPLEX UNDER PRADHANMANTRI AAWAS YOJANA" (PMAY)**

Offers by way of e-tendering (Lump Sum Turn-key Form) are invited by the Commissioner, Panvel Municipal Corporation from contractors in e-tendering system for following works. Contractor shall quote his offer considering all taxes excluding GST.

| Name of work | Estimated cost put to the Tender (Rs) | Amount of E.M.D. (Rs) | Time limit in Calendar months | Cost of Tender Document (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| Survey, planning, designing, building construction, obtaining all relevant permissions, required completion/ occupancy certificate from concerned authority on EPC **(Lump-sum)** for Construction of affordable housing under Pradhan Mantri Awas Yojana (Urban) for Rehab and Free sale dwelling units **EWS - 618** & **LIG - 150** with commercial component of **118** shops on 5 different locations within Panvel Municipal Corporation area. | 120.36 Crores | 60.18 Lakhs | 36 Months (Including Monsoon) | Rs. 5,000/- + 18% GST Total Rs. 5900/- |

The details of above works, such as Security Deposit, Earnest Money Deposit, Terms & Conditions of the Tender and Schedule of works, are available on website www.mahatenders.gov.in Tenders for these works are to be submitted by e-tendering system.

Bidders can avail the e-tender document **from 26/04/2022** to **13/06/2022** up to 5.00 PM.

Bidders should submit their offer by way of e-tendering system only. The last date of Submission by way of e-tendering will be **13/06/2022 up to 5.00 PM.** Commissioner, Panvel Municipal Corporation reserves the right to accept or reject any or all tender without giving any reason thereof.

**Sd/-**
**Additional Commissioner, (I)**
**Panvel Municipal Corporation,**
**Panvel - 410 206**



**पश्चिम रेलवे – रतलाम**
**इंजीनियरिंग विभाग ई–निविदा सूचना**

**संख्या : कार्य/623/5/1/निविदा, दिनांक 19.04.2022**

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य/लेखा) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए ई–निविदा www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है जिसका विवरण निम्न प्रकार है–**

| क्रम | ई–निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा की लागत | बयाना राशि | समकक्ष कार्य | कार्य अवधि | वेबसाईट पर अपलोड करने की दिनांक | निविदा खुलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रतलाम-2022-23-1 | Zone - 1 - A Godhra (Excl.) to Meghnagar (Excl.) section:- Dahod - Godhra (Excl.). | 12603395.56 | 213100 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 2. | रतलाम-2022-23-2 | Zone - 1 - C Dahod Local Station Colonies (a), (b), (c) & (e) site, Station Colony, Kalidam Km. 523/02-03 to 543/0. | 13386284.26 | 217000 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 3. | रतलाम-2022-23-3 | Zone No. 2 - A Dahod Local "D" Site Colony Km. 539/02-03 to 543/0. | 12569246.54 | 212900 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 4. | रतलाम-2022-23-4 | Zone No. 2 - B Dahod Local Workshop Maintenance. | 8329621.17 | 166600 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 5. | रतलाम-2022-23-5 | Zone No. 3 Meghnagar (Incl.) to Ratlam (Excl.). | 15340742.40 | 226800 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 6. | रतलाम-2022-23-6 | Zone No. 21 Dahod Proper Sanitary Zone. | 7035472.27 | 140800 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 7. | रतलाम-2022-23-7 | Zone No. 6 Ratlam (Excl.) to Nagda (Incl.) Km 651/05-06 to Km 698 & Km 0/00 to 1.25 Under Section Engineer (Works) Nagda. | 8025473.75 | 160600 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 8. | रतलाम-2022-23-8 | Zone No. 4 - A Ratlam-Colony(Excl. east side of B.G. line and excluding road No. 7-17 of new colony), The zone includes sanitary work and internal plumbing works, under SSE/W-1/RTM. | 13965000.00 | 219900 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 9. | रतलाम-2022-23-9 | Zone No. 4 - B Ratlam-Service building and all officers bunglow excluding east side of BG area. Ratlam-The zone includes sanitary and internal plumbing works, under SSE/W-1/RTM | 12975000.00 | 214900 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 20.04.2022 | 13.05.2022 |
| 10. | रतलाम-2022-23-10 | Zone No. 4 - C Ratlam-White wash & colour wash etc. on service building staff quarters & Kurel dam under SSE/Works-1 and 2 (east) Ratlam. | 17710000.00 | 238600 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 20.04.2022 | 13.05.2022 |
| 11. | रतलाम-2022-23-11 | Zone No. 4 - D Ratlam-Maintenance work of Railway hospital and quarters of 7-17 road new colony. The zone includes sanitary and internal plumbing work under SSE/W/2/ Ratlam | 10475000.00 | 202400 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 20.04.2022 | 13.05.2022 |
| 12. | रतलाम-2022-23-12 | Zone No. 5 Ratlam-East side of B.G. line, i.e, Loco, Jaora road, ghatla colony, R.E. building. Kota Building, other service building. Diesel shed. The zone includes sanitary and internal plumbing works under SSE/W/2/Ratlam. | 11160000.00 | 205800 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 20.04.2022 | 13.05.2022 |
| 13. | रतलाम-2022-23-13 | Zone No. 22 All main water supply assets in Ratlam including Kurel, Bhairongarh and main lines of outside buildings, bores wells in entire Ratlam area under SSE/W-2/Ratlam. | 6880000.00 | 137600 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 20.04.2022 | 13.05.2022 |
| 14. | रतलाम-2022-23-14 | Zone No. 07 Ujjain Proper:-Km 21/6 to 22/6- and FTD excluding to Ujjain. | 13965000.00 | 219900 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 15. | रतलाम-2022-23-15 | Zone No. 14 Ratlam (Excl.) to Dr. Ambedkar Nagar (Excl.) km 374.58 to 514.20 and Rau-Tihi section K.M. 00.00 to 08.77 K.M. (Excl. indore, Laxmibai Nagar station area, service building and colony). | 13062500.00 | 215400 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 16. | रतलाम-2022-23-16 | Zone No. 15 Indore & Laxmibai Nagar station, service building and Railway colonies. | 13822500.00 | 219200 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 17. | रतलाम-2022-23-17 | Zone No. 8-A Nagda (Excluding) to Ujjain (Excluding). | 9136969.55 | 182800 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 18. | रतलाम-2022-23-18 | Zone No. 8-B Ujjain (Excl.) to Indore (Excl.) & Maksi (Excl.) to Dewas (Incl.). | 9867926.25 | 197400 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 19. | रतलाम-2022-23-19 | Zone No. 9-A Ujjain (Excl.) to Maksi (Incl.). | 9502446.70 | 190100 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 20. | रतलाम-2022-23-20 | Zone No. 9-B Maksi (Excl.) to Akodiya (Incl.). | 9939188.75 | 198800 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 21. | रतलाम-2022-23-21 | Zone No. 10-A Akodiya (Excl.) to Baktal (Incl.). | 10477056.95 | 202400 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 22. | रतलाम-2022-23-22 | Zone No. 10-B Baktal (Excl.) to Bakaniya Bhanwari up to Km 226.15. | 9746100.50 | 195000 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 23. | रतलाम-2022-23-23 | Zone No. 16-A Dr. Ambedkar Nagar (Incl.) to Kalakund (Incl.) Km no. 514/06-07 to 529. | 14832753.07 | 224200 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 24. | रतलाम-2022-23-24 | Zone No. 16-B Kalakund (Excl.) to Khandwa (Excl.) Km. 529 to 630.19. | 7797400.00 | 156000 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 25. | रतलाम-2022-23-25 | Zone No. 12 Chanderiya (Incl.) to Nimuch (Excl.) Km. 175/07 to 238/07. | 21498321.83 | 257500 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |
| 26. | रतलाम-2022-23-26 | Zone No. 13 Nimuch (Incl.) to Ratlam (Excl.) Km. 238/08 to 373/10. | 21498535.86 | 257500 | कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य | दिनांक 30.06.2023 तक | 19.04.2022 | 13.05.2022 |

नोट : जोनल कार्य हेतु प्राइस वेरिएशन क्लोज लागू नहीं है, निविदा फार्म शुल्क राशि निरंक है। विस्तृत सूचना वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
ADM/5/1/11
मंडल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा), पश्चिम रेलवे रतलाम